राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा 4–अ/परीक्षा–2021/ दिनांकः

स्नातक परीक्षा के प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना

राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातक तृतीय वर्ष एवं एडिशनल के परीक्षार्थियों की परीक्षायें दिनांक 29 जुलाई, 2021 से आयोजित होगी। अतः स्नातक विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय (पास एवं ऑनर्स) नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षाओं के प्रवेश पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर दिनांक 22.07.2021 से उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट से अपने नाम व फार्म नं. प्रविष्ट कर, दो प्रतियों में डाउनलोड करें। डाउनलोड किये गये दोनों प्रवेश पत्रों में निर्धारित स्थान पर फोटो उपलब्ध होना अनिवार्य है। न होने के स्थिति में अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो प्रवेश पत्र पर लगाकर संबंधित प्राचार्य से प्रमाणित करवाकर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। परीक्षा केन्द्र की प्रति को अपने परीक्षा केन्द्राधीक्षक को सुपुर्द करें। परीक्षार्थियों को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। जिन नियमित परीक्षार्थियों की 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति है, वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

आवश्यक निर्देश

1. कोविड–19 महामारी से संक्रमण के बचाव हेतु भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों (एडवाईजरी) की पालना सभी स्तर पर आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।
2. संबंधित महाविद्यालय विश्वविद्यालय नियमानुसार कम उपस्थिति वाले नियमित छात्रों की सूची रोल नं. सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित केन्द्राधीक्षक को भेजें जहाँ उनकी परीक्षा आयोजित होगी। साथ ही उसकी प्रति अधोहस्ताक्षर कर्त्ता को भिजवाना सुनिश्चित करें।
3. जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र किसी कारणवश वेबसाईट पर उपलब्ध नहीं हो सके हैं, तो वे पूर्व में जमा परीक्षा फॉर्म की हार्डकापी को संबंधित प्राचार्य से यथा स्थान प्रमाणित करवाकर पूर्व परीक्षाओं में सम्मलित हुए सभी परीक्षाओं की अंकतालिकाओं सहित विश्वविद्यालय परीक्षा अनुभाग की संबंधित खिड़की पर प्रस्तुत करें, ताकि विश्वविद्यालय नियमानुसार उनकी पात्रता जॉच कर उन्हे प्रवेश पत्र जारी किये जा सकें।
4. जिन परीक्षार्थियों ने अधिनियम–153–बी (तीन साल का अन्तराल) के तहत गलत परीक्षा फॉर्म भरे हैं उनके प्रवेश पत्र वेबसाईट पर निचली कक्षा के उपलब्ध होंगे।
5. जो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय परीक्षा–2020 से पूर्व के वर्षो में परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे तथा उन्होने श्रेणी सुधार/अंक सुधार हेतु परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं, वे अधिनियम–169–ई के तहत सुधार (Improvement) हेतु अयोग्य हैं। अतः उनके परीक्षा फॉर्म निरस्त किये गये हैं।

14.7.21

(डॉ. राकेश राव)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा 4–अ/परीक्षा–2021/1215-37 दिनांकः 14/07/2021

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त केन्द्राधीक्षक संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/मानविकी पीठ/पी.जी स्कूल्स/विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि:–
   (I) उपरोक्तानुसार वेबसाईट से निकाले गए प्रवेश पत्रों को मान्य करें।
   (II) माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, सम्बन्धित प्राचार्य कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची रोल नं. सहित संबंधित परीक्षा केन्द्राधीक्षक को भेजें, ताकि ऐसे छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी। ऐसे छात्रों की सूची से विश्वविद्यालय को भी अवगत करायें।
   (III) राज्य सरकार के दिशा–निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं आपके परीक्षा केन्द्र पर आवंटित परीक्षार्थियों, प्राध्यापकों एवं समस्त स्टाफ का अतिशीघ्र टीकाकरण कराने हेतु संबंधित जिलें के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करें।
2. वित्त नियत्रंक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार के रूप में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
5. निदेशक, छात्र सूचना एवं सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. उप कुलसचिव, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निजी सचिव–कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा/छात्र सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. प्रभारी– छात्र सूचना केन्द्र।
10. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।

(आनन्द अग्रवाल)
उप कुलसचिव (परीक्षा विविध)